**खबर संक्षेप**



## जय विरसा मुंडा समिति द्वारा वनांचल के विद्यालयों में शिक्षण सामग्री का वितरण

**सतना।** शिक्षा को प्रोत्साहन देने और ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं की मदद के उद्देश्य से 'जय विरसा मुंडा ग्रामीण विकास एवं शोध समिति,बांका' द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। नवरात्रि के पावन अवसर पर दिनांक 25 मार्च को वनांचल क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक विद्यालय भरगवा एवं गोडान टोला में छात्राओं को पठन-पाठन सामग्री वितरित की गई।

## वीआईपी दर्शन के नाम पर अवैध वसूली, हिस्ट्रीशीटर आरोपी गिरफ्तार

**मैहर।** मां शारदा मंदिर क्षेत्र में वीआईपी दर्शन के नाम पर श्रद्धालुओं से अवैध वसूली करने वाले एक हिस्ट्रीशीटर आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान रामदीन उर्फ शराबी 42 वर्ष निवासी चंडीगंज के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से ही रंगदारी, मारपीट और अड़ीबाजी सहित 28 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। वह कई बार जेल जा चुका है,लेकिन जमानत पर छूटते ही फिर आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय हो जाता था। मंदिर क्षेत्र में उसके कारण श्रद्धालुओं को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।



## मैहर में रामनवमी पर निकलेगी विशाल शोभा यात्रा, सर्वसमाज से सहभागिता की अपील

मैहर।

मां शारदा की पावन नगरी मैहर में रामनवमी के पावन अवसर पर आज विश्व हिदू परिषद एवं बजरंग दल सहित समस्त हिदू समाज के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह विशाल शोभायात्रा शाम 4 बजे बड़ा अखाड़ा मैहर से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम का आयोजन पूज्य सीतावल्लभ शरण महाराज के निर्देशन में किया जा रहा है। शोभायात्रा की शुरुआत ठीक 4:00 बजे बड़ा अखाड़ा से होगी जो की नगर के विभिन्न मार्ग से होते हुए पुनः बड़ा अखाड़ा पहुंचकर संपन्न होगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं हिदू संगठनों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने सभी हिदू सर्वसमाज के लोगों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं।

# चैत्र नवरात्रि के समापन पर माता की विदाई और प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव आज

**सतना।** आस्था और श्रद्धा के केंद्र विंध्य क्षेत्र में शुक्रवार को एक तरफ जहां शक्ति की भक्ति के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन होगा,वहीं दूसरी ओर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव 'राम नवमी' हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस दोहरे पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### मैहर में उमड़ा आस्था का सैलाब

मैहर स्थित त्रिकूट पर्वत पर विराजमान माँ शारदा के दरबार में अष्टमी तिथि से ही भक्तों का भारी तांता लगा हुआ है। शारदा प्रबंध समिति के अनुसार,गुरुवार को एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त किया। अनुमान है कि देर रात तक यह संख्या डेढ़ से दो लाख के पार पहुँच जाएगी। मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं,जो भोर के पहर से ही माता की एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़ी थीं।

### भव्य रामनवमी शोभायात्रा की तैयारियाँ

हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी



रामनवमी के अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी और संयोजक कमलजीत सिंह सेठी ने बताया कि 27 मार्च को दोपहर 12 बजे सुभाष पार्क स्थित राम दरबार मंदिर में भगवान श्री राम का जन्मोत्सव, महाआरती और आध्यात्मिक अनुष्ठान होंगे। शाम 5 बजे सिटी कोतवाली के पीछे स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी। यह यात्रा अग्रसेन चौक,जयस्तंभ,बिहारी चौक,चौक बाजार, अहिंसा चौक (पन्नीलाल चौक),अस्पताल चौक,पुराना नगर निगम,पावर हाउस,हनुमान चौक और गांधी चौक होते हुए वापस श्रीराम दरबार मंदिर पहुँचकर संपन्न होगी।

### शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण

इस बार शोभायात्रा में भगवान राम की जीवंत झांकी,विभिन्न मठ-मंदिरों के संत-महात्मा,अखाड़ों का प्रदर्शन और गुरुद्वारों की सहभागिता रहेगी। इसके साथ ही माता कालिका की जीवंत झांकी और वनवासी लोकनृत्य। सिर पर मंगल कलश धारण किए मातृशक्ति की भागीदारी। यात्रा के दौरान सफाई का संदेश देने के लिए विशेष स्वच्छता वाहिनी भी साथ चलेगी। महापौर योगेश ताम्रकार और नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी ने नगरवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएँ देते हुए इस भव्य आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है। घरों और मंदिरों में कन्या पूजन,भंडारा और दुर्गा सप्तशती के पाठ के साथ नवरात्रि के अनुष्ठान पूर्ण किए जा रहे हैं।

# सतना में उमड़ा श्रद्धा का सैलाबः मुनिसंघ की मंगल अगवानी और आचार्य श्री समयसागर जी का आगमन

सतना।

सम्मेद शिखरजी की पावन वंदना के उपरांत,युगदृष्टा आचार्य श्री108 विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य निर्यापक श्रमण मुनिश्री 108 समतासागर जी महाराज एवं मुनिश्री 108 पवित्र सागर जी महाराज का सतना की धरा पर मंगल प्रवेश हुआ। इस अलौकिक दृश्य के साक्षी हजारों श्रद्धालु बने,जब नगर में विराजमान 47आर्यिका माताओं ने पूर्ण भक्ति भाव के साथ मुनिसंघ की अगवानी की। मुनिसंघ के स्वागत में सर्व समाज,श्वेतांबर जैन संघ और नगर के जनप्रतिनिधि उमड़ पड़े। गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई,जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नेमीश्वर धाम विद्या ज्योतिमय तीर्थ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्रों में और महिला वर्ग केसरिया साड़ियों में सम्मिलित हुआ। जैन समाज के श्रावकों ने अपने घरों के बाहर मनमोहक रंगोलियां बनाईं और पूज्य मुनिसंघ के पाद प्रक्षालन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर जी में आयोजित धर्मसभा का शुभारंभ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र अनावरण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुनिसंघ के साथ पद विहार कर रहे श्रावकों का 'समान पारमार्थिक संस्था' द्वारा सम्मान किया गया। मुनि श्री समतासागर जी ने अपने उद्बोधन में सतना से जुड़ी अपनी पुरानी स्मृतियों को ताजा किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को आश्वस्त किया कि आगामी रामनवमी के पावन अवसर पर वे विशेष धर्मसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 2 बजे से आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज का तृतीय आचार्य पदरोहण दिवस अत्यंत उत्साह पूर्वक मनाया गया। रात्रि में भगवान शांतिनाथ और भगवान नेमिनाथ की मंगल आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने सहभागिता की।

### रामनवमी पर विशेष प्रवचन

मुनि श्री कल दोपहर 2 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालेंगे और बताएंगे कि कैसे एक 'नर' अपनी साधना से 'नारायण' बन सकता है।

# पेट्रोल-डीजल की किल्लत महज अफवाह, पैनिक बाइंग से बिगड़े हालात



## प्रशासन की अपीलः टैंकरों की आपूर्ति जारी, अफवाहों पर ध्यान न दें; इमरजेंसी के लिए स्टॉक रिजर्व रखने के निर्देश

सतना।

पिछले कुछ घंटों से जिले में ईंधन संकट को लेकर फैली अफवाहों ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। शहर के जगतदेव तालाब रोड स्थित पेट्रोल पंपों सहित जिले के कई इलाकों में वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। सोशल मीडिया पर नजीराबाद समेत कई पंपों के बंद होने और तेल खत्म होने की झूठी खबरों के चलते 'पैनिक बाइंग' की स्थिति बन गई है,जिससे सुचारू व्यवस्था में व्यवधान आ रहा है।

### क्यों खाली हो रहे हैं पेट्रोल पंप?

जिला प्रशासन के अनुसार,ईंधन की कोई कमी नहीं है,बल्कि अचानक बढ़ी मांग ने संकट पैदा किया है। जो स्टॉक आमतौर पर दो दिनों तक चलता था,वह पैनिक बाइंग के कारण महज एक दिन में खत्म हो रहा है। आंकड़ों के मुताबिक,जहां रोजाना 10,000 लीटर की बिक्री होती थी,वहां खपत बढ़कर 16,000 लीटर तक पहुंच गई है। इसी वजह से कुछ पंपों पर 'ड्राई' की स्थिति निर्मित हुई है।

### प्रशासन ने कमान संभाली

ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला खाद्य अधिकारी सम्यक जैन ने स्पष्ट किया है कि सतना में डीजल,पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति निरंतर जारी है। डिपो से टैंकर पहले की तरह नियमित रूप से पंपों तक पहुंच रहे हैं।पंप संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 3,000 लीटर डीजल हमेशा रिजर्व रखें ताकि एम्बुलेंस,पुलिस और अन्य आपातकालीन सेवाओं में कोई बाधा न आए। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि कतिपय तत्व जानबूझकर मिथ्या सूचनाएं फैलाकर भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर नजर रखी जा रही है। आम जनता से अपील की गई है कि वे केवल विश्वसनीय स्त्रोतों पर ही भरोसा करें और अपनी जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल लें।

### इनका कहना है

-डीजल-पेट्रोल की कोई किल्लत नहीं है। केवल अफवाहों के कारण लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन स्टोर कर रहे हैं,जिससे आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव बढ़ा है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है,नागरिक धैर्य बनाए रखें।

**सम्यक जैन, जिला खाद्य अधिकारी**

## 112 वर्ष की जगौतिया बाई साहू का होगा सम्मान, साहू समाज लेगा आशीर्वाद



**मैहर।** साहू समाज द्वारा माँ कर्मा जयंती के पावन अवसर पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 15 अप्रैल 2026 तक निरंतर जारी रहेगा। इसी क्रम में समाज द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए अपने बुजुर्गों का सम्मान कर उनके आशीर्वाद प्राप्त करने की परंपरा की शुरुआत की जा रही है।इस पहल के तहत साहू समाज की 112 वर्षीया परदादी जगौतिया बाई साहू (पत्नी स्वर्गीय मंजू साहू) का सम्मान समारोह 29 मार्च 2026 को मैहर जिले के ग्राम धनवाही में जैतराम साहू के निवास स्थान पर आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन न केवल एक बुजुर्ग के सम्मान का अवसर होगा, बल्कि समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का भी संदेश देगा।ग्राम ईटौरा की निवासी जगौतिया बाई साहू अपने लंबे जीवन अनुभव और सरल, संतुलित जीवनशैली के लिए समाज में विशेष पहचान रखती हैं। उनके परिवार में दो पुत्र सुखलाल साहू और श्यामलाल साहू तथा सात पुत्रियां हैं। वर्तमान में उनके परिवार में नाती-पोते, बहू-बेटियों सहित लगभग 70 सदस्य हैं, जो एक बड़े संयुक्त परिवार के रूप में साथ रहकर पारिवारिक परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ा रहे हैं।कार्यक्रम में आसपास के गांवों एवं क्षेत्रों से साहू समाज के लगभग 200 से अधिक लोग शामिल होकर 112 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुकीं जगौतिया बाई साहू का सम्मान करेंगे और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। समाज के वरिष्ठजनों का कहना है कि बुजुर्गों का सम्मान करना भारतीय संस्कृति की मूल भावना है और इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपने संस्कारों और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।इस अवसर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी विशेष व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे गांव की कुलदेवी मढ़िया दाई की पूजा-अर्चना से होगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया जाएगा। शाम 4 बजे 112 वर्षीया दादी जगौतिया बाई साहू का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के लोग उन्हें शॉल, श्रीफल और सम्मान-पत्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके बाद माँ कर्मा की आरती की जाएगी तथा शाम 7 बजे सुंदरकांड रामायण पाठ का आयोजन होगा, जिससे पूरे वातावरण में धार्मिक और आध्यात्मिक भावनाओं का संचार होगा।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के कई लोग सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। रायपुर (छत्तीसगढ़) से अनंतराम साहू, पुष्पा साहू, दीपक साहू, सोमवती साहू एवं युक्ति साहू, जबलपुर से अजय साहू, तथा हीरालाल साहू (सिरौंजा), कमलेश साहू (आमातार) और दादूली साहू (शिक्षक, मैहर) सहित अनेक समाजसेवियों का विशेष योगदान रहेगा।साहू समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि माँ कर्मा जयंती के अवसर पर इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य समाज में एकता, संस्कार और बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है। जगौतिया बाई साहू का सम्मान समारोह समाज के लिए प्रेरणादायी क्षण होगा और नई पीढ़ी को अपने बुजुर्गों के अनुभवों और आशीर्वाद के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करेगा।

# मेडिकल बोर्ड की मेहरबानीः नाम तय-समय तय लेकिन डॉक्टर नदारद, दिव्यांग मरीज बेहाल

**मैहर। सिविल अस्पताल मैहर में मेडिकल बोर्ड के नाम पर एक बार फिर सिस्टम की संवेदनहीनता उजागर हुई है। कागजों में सब कुछ दुरुस्त-डॉक्टरों के नाम,ड्यूटी और समय तय-लेकिन हकीकत में मरीजों को मिला सिर्फ इंतजार, परेशानी और निराशा।**

26 मार्च को आयोजित मेडिकल बोर्ड के लिए जारी आदेश में स्पष्ट रूप से विशेषज्ञ डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई थी जिसमें डॉ.व्ही.के.गौतम (मेडिकल विशेषज्ञ), डॉ. अतीक खान (अस्थि रोग विशेषज्ञ), डॉ.सरस्वती द्विवेदी (मनोचिकित्सक), डॉ. सुदीप अवधिया (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ.राहुल द्विवेदी (नाक-कान-गला विशेषज्ञ), डॉ.प्रीति तिवारी (नेत्र रोग विशेषज्ञ) की ड्यूटी आदेश के अनुसार सुबह 10 बजे से मेडिकल बोर्ड शुरू होना था,लेकिन दोपहर 1 बजे तक भी एक भी डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचा वहीं दूर दराज से आए दिव्यांग के डॉक्टरों के आने का इंतजार करते रहे। यह मेडिकल बोर्ड खास तौर पर दिव्यांगजनों के परीक्षण और प्रमाण पत्र बनाने के लिए आयोजित किया जाता है।दूर-दराज के गांवों से आए दिव्यांग मरीज सुबह से ही अस्पताल पहुंच गए थे,लेकिन उन्हें घंटों लाइन में खड़े रहकर सिर्फ इंतजार ही नसीब हुआ। कई मरीज ऐसे थे जो आर्थिक और शारीरिक कठिनाइयों के बावजूद उम्मीद लेकर आए थे कि आज उनका काम पूरा हो जाएगा-लेकिन उन्हें मिली सिर्फ मायूसी।

### कागजों में व्यवस्था,जमीन पर लापरवाही

जहां आदेश में पूरी टीम तैनात दिखी,वहीं अस्पताल में न कोई डॉक्टर मौजूद था,न कोई सूचना,और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी जवाब देने के लिए सामने आया। यह हालात साफ बताते हैं कि सिस्टम में जिम्मेदारी नाम की चीज़ कहीं नजर नहीं आती। बड़े सवाल जो जवाब मांगते हैं। क्या दिव्यांगजनों को यूं ही घंटों भटकाना ही व्यवस्था है? क्या सिर्फ आदेश जारी कर देना ही जिम्मेदारी पूरी करना है? और सबसे अहम-इस लापरवाही के लिए आखिर जवाबदेह कौन है? प्रशासन इस गंभीर लापरवाही पर कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी हर बार की तरह रूटीन बनकर फाइलों में दब जाएगा।

### गर्भवती महिलाएं हो रहीं परेशान

सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण गर्भवती महिलाएं और अन्य मरीज परेशान हो रहे हैं। सोनोग्राफी विभाग पूर्व दिनों से बंद है,जिससे गर्भवती महिलाओं को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और बाहर किसी प्राइवेट में करना पड़ता है क्या डॉ.अपने कमीशन के चलते अस्पताल में सोनोग्राफी नहीं करते? अस्पताल के प्रभारी ने किसी भी आधिकारिक आदेश के बिना सोनोग्राफी विभाग को बंद कर दिया है। इसी तरह,पूर्व में भी ब्लड बैंक और अन्य विभागों के लिए अपने से आदेश पारित किए गए थे। इस गर्मी में जो दूर दर्ज से गर्भवती महिलाएं आती है उनको कितनी परेशानी होती है यह एसी में बैठकर आदेश देने वाले अधिकारियों का अंदाजा नहीं है। प्राइवेट सोनोग्राफी कराने के लिए गरीब का बजट इजाजत नहीं देता है जिससे महिला मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूछती है मैहर की जनता की कब सुधरेगी स्वास्थ्य सेवा।



## डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने किए मां शारदा के दर्शन

**मैहर।** मैहर में नवरात्रि के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला पहुंचे मैहर। मैहर पहुंचकर उन्होंने मां शारदा के दर्शन कर देश प्रदेश के लिए खुशहाली का आर्शीवाद मांगा। उन्होंने मैहर के विकाश को लेकर कहा मैहर में मा शारदा लोक बन रहा है। आज ही हमने उच्च अधिकारियों से बात की है और भव्य माई शारदा का लोक के साथ जिला अस्पताल बनेगा जिसमें हर प्रकार की जो जिले में सुविधा होती है वो एक एक करके प्राप्त होगी। इसी तरह मई में स्लीमनाबाद टनल के खुदाई का कार्य पूरा होगा उसके बाद नर्मदा माई का पानी माई शारदा के दरबार में पहुंचेगा जिससे यहां पर सुख समृद्धि होगी। वही मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि देश में डीजल,पेट्रोल की कोई कीमत नहीं है इसके साथ-साथ उन्होंने मैहर को स्वास्थ्य विभाग को दुरुस्त करने के लिए जिला अस्पताल का कार्य तेजी से चालू करवाने की बात कही है। चर्चा के दौरान उन्होंने अवैध उत्खनन कार्यों पर भी करवाई करवाने के निर्देश दिए।

## एकेएस विश्वविद्यालय में एग्रीफेस्ट 2026 का समापन



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय द्वारा आयोजित एग्रीफेस्ट 2026 के दूसरे दिन शैक्षणिक प्रतिस्पर्धाओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सुव्यवस्थित एवं बहुआयामी आयोजन किया गया,जिसने विद्यार्थियों की रचनात्मकता,वैचारिक क्षमता और सांस्कृतिक अभिरुचि को एक मंच पर अभिव्यक्त किया। क्रिएटिव राइटिंग,क्विज प्रतियोगिता तथा एक्सटेम्पोर जैसी बौद्धिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने तर्कशक्ति,भाषिक कौशल और विषयगत समझ का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।केंद्रीय सभागार में आयोजित सांस्कृतिक संध्या का प्रारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती पूजन और वंदना से हुआ,जिसने कार्यक्रम को पारंपरिक गरिमा प्रदान की। इसके पश्चात कुलगीत एवं अतिथियों के औपचारिक स्वागत के साथ आयोजन आगे बढ़ा।सांस्कृतिक सत्र में विद्यार्थियों ने नृत्य,गायन,काव्य-पाठ एवं मोनो एक्टिंग के माध्यम से विविध सामाजिक,सांस्कृतिक और भावनात्मक आयामों को प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों में अनुशासन,सौंदर्यबोध और विषयगत परिपक्वता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

# प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर में दुखद घटनाः जहरीले कीड़े के काटने से 7 वर्षीय मासूम की मौत



**सतना।** जनपद के थाना बरौंधा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर से एक अत्यंत हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ मध्यान्ह भोजन के उपरांत एक 7 वर्षीय छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान उमाकांत विश्वकर्मा पिता राजेंद्र विश्वकर्मा,निवासी गोपालपुर के रूप में हुई है।

### घटना का विवरण

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार,विद्यालय में मध्यान्ह भोजन करने के बाद उमाकांत अन्य बच्चों के साथ स्कूल परिसर में स्थित नल के पास पानी पीने गया था। पानी पीने के बाद वह वहीं खेल रहा था, तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। देखते ही देखते बच्चे के शरीर और चेहरे पर अत्यधिक सूजन आ गई। ग्रामीणों का अनुमान है कि नल के आसपास किसी अत्यधिक जहरीले कीड़े या जीव ने बच्चे को काट लिया,जिससे उसके शरीर में जहर फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना बरौंधा पुलिस और स्थानीय तहसीलदार तत्काल मौके पर पहुँचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए बरौंधा अस्पताल भेज दिया है। इस अचानक हुई अनहोनी से मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है और पूरे गाँव में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है ताकि मृत्यु के सही कारणों का स्पष्ट पता चल सके।

## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड थानेदार शंभू प्रसाद शर्मा का निधन



**पन्ना।** नागौद रिटायर्ड थानेदार श्री शंभू प्रसाद शर्मा बराज वर्तमान निवास इंदिरा नगर नागौद का गुरुवार की सुबह सतना में निजी अस्पताल में स्वर्गवास हो गया है वह 73 वर्ष के थे उल्लेखनीय है कि श्री शर्मा मध्य प्रदेश पुलिस टीम में हॉकी और फुटबॉल के खिलाड़ी रहे हैं पन्ना जिले के विभिन्न पुलिस थानों में पदस्थ रहे इसी जिले से सेवानिवृत हुए हैं स्वभाव से सरल सहज रहे।

### आरोही खटीक ने तहसील स्तर पर कक्षा 5 में हासिल किया पहला स्थान




**अजयगढ़।** गुरुकुल एकेडमी की छात्रा आरोही खटीक, पिता राजेंद्र खटीक और माता राखी खटीक की पुत्री, ने कक्षा 5 की परीक्षा में तहसील स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है। आरोही ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से 92ः अंक प्राप्त किए हैं। गुरुकुल एकेडमी के प्राचार्य ने आरोही की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों में ऐसी प्रतिभाओं की मौजूदगी शिक्षा की गुणवत्ता को और बढ़ावा देती है। आरोही की इस सफलता पर उनके माता-पिता और शिक्षक अत्यंत गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आरोही के भविष्य के लिए एक प्रेरणा स्रोत होगी।

### लापता नाबालिग किशोरी 24 घंटे के भीतर दस्तयाब, पुलिस ने परिजनों को सौंपा




**अमानगंज पुलिस की तत्परता से मिली सफलता, गुम हुई 16 वर्षीय लड़की सुरक्षित बरामद**

**अमानगंज-** थाना क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा से लापता हुई 16 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दस्तयाब कर लिया। मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार फरियादी रज्जू आदिवासी निवासी ग्राम कुंवरपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22 मार्च को वह मजदूरी करने गया था और घर पर उसकी नाबालिग पुत्री अकेली थी। शाम को लौटने पर पुत्री घर पर नहीं मिली, जिसके बाद आसपास और रिश्तेदारों में तलाश की गई लेकिन कोई पता नहीं चला। फरियादी ने आशंका जताई थी कि उसकी बेटी को कोई बहला-फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने तत्काल मामला कायम कर जांच शुरू की और संभावित स्थानों पर तलाश की। पुलिस टीम के प्रयासों से किशोरी को 24 घंटे के भीतर सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्यवाही जारी है।

### दुकान में लाखों की चोरी, पुलिस पर अनदेखी के आरोप

**बनवार।** क्षेत्र के ग्राम नयागांव स्थित मौसीपुरा चौराहा पर एक गरीब दुकानदार की दुकान में हुई चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, नोहटा निवासी नरेंद्र रजक की हनुमान मंदिर के पास ऑटो पार्ट्स की छोटी दुकान है। 20 जुलाई 2025 की रात करीब 10 बजे वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए। अगली सुबह जब दुकान खोली, तो गेट का ताला टूटा मिला और अंदर रखा सामान गायब था। पीड़ित के अनुसार, चोर दुकान से मोटरसाइकिल की बैटरी, बेयरिंग, फिल्टर, इंडिकेटर सेट, ऑयल, चेन पिन, टायर-ट्यूब समेत अन्य ऑटो पार्ट्स चुरा ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है, जो एक छोटे दुकानदार के लिए बड़ा नुकसान है। दुकानदार का आरोप है कि उसने पुलिस थाना में शिकायत दी, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस जांच शुरू हुई और न ही चोरी का खुलासा हो सका। इससे नाराज पीड़ित ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

## हीरों की नगरी में मां पद्मावती का दिव्य दरबार, जहां पूरी होती हैं हर मुरादें, चौत्र नवरात्रि में श्रद्धालुओं की रहती है भीड़

पन्ना।



पन्ना हीरों और मंदिरों की नगरी के रूप में प्रसिद्ध है, लेकिन यहां स्थित पद्मावती शक्तिपीठ श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि यहां मां भगवती के दरबार में जो भी सच्चे मन से मनोकामना करता है, उसकी इच्छा अवश्य पूर्ण होती है। चौत्र नवरात्र में पूरे नौ दिनों यहां श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है श्रद्धालु सुबह 5:00 बजे से ही माता रानी के दर्शन करने मंदिर पहुंच जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां सती के शरीर के अंग पृथ्वी पर अलग-अलग स्थानों पर गिरे थे, जहां शक्तिपीठों की स्थापना हुई। पन्ना में मां सती का दाहिना पैर (पद) गिरा था, इसी कारण इस स्थान का नाम पद्मावती शक्तिपीठ पड़ा। प्राचीन मंदिर और नाम की उत्पत्ति कहा जाता है कि प्राचीन काल में यहां पद्मावत नाम के राजा हुए, जो शक्ति के उपासक थे। उन्होंने अपनी आराध्य देवी मां दुर्गा को पद्मावती नाम से इस मंदिर में स्थापित किया। इसी कारण इस क्षेत्र का नाम पद्मावतीपुरी पड़ा, जो कालांतर में बदलकर पन्ना हो गया। पद्मावती शक्तिपीठ मां का मंदिर किलकिला नदी के समीप स्थित है।स्थानीय भाषा में इसे "बड़ी देवन" कहा जाता है। नवरात्रि के दौरान यहां भव्य आयोजन होते हैं और देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। बुंदेली भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है। मां सती, भगवान भगवान शिव की पत्नी और राजा दक्ष की पुत्री थीं। दक्ष द्वारा किए गए यज्ञ में भगवान शिव को आमंत्रित नहीं किया गया, जिससे अपमानित होकर मां सती ने यज्ञ अग्नि में देह त्याग दिया। क्रोधित शिव सती के शरीर को लेकर ब्रह्मांड में विचरण करने लगे। तब भगवान भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से उनके शरीर के टुकड़े किए, जिससे विभिन्न शक्तिपीठों की स्थापना हुई। पद्मावती शक्तिपीठ, मैहर शारदा माता मंदिर और कालिका माता मंदिर एक विशेष त्रिकोण बनाते हैं। यह त्रिकोण धार्मिक दृष्टि से अत्यंत चमत्कारिक माना जाता है। इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां सभी धर्मों और समुदायों के लोग श्रद्धा से आते हैं। मुस्लिम समाज के लोग भी यहां मन्नत मांगने पहुंचते हैं, जो सामाजिक सद्भाव की अनूठी मिसाल है। पद्मावती शक्तिपीठ केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि आस्था, इतिहास और संस्कृति का अद्भुत संगम है। यहां पहुंचने वाला हर श्रद्धालु मां के आशीर्वाद और आत्मिक शांति का अनुभव करता है।




## जल गंगा संवर्धन योजना के तहत तलैया में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**जल गंगा संवर्धन अभियान- अमानगंज**

**अमानगंज।** नगर परिषद अमानगंज द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मसान बब्बा की तलैया के चारों ओर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सफाई कर्मियों द्वारा व्यापक रूप से स्वच्छता कार्य किया गया एवं क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाया गया। नगर परिषद अध्यक्ष सारिका खटीक के प्रयासों से तलैया के चारों ओर पत्थरों से समतलीकरण, चलने हेतु पेवर ब्लॉक तथा बैठने हेतु बेंचों की व्यवस्था की गई है, जिससे यह स्थल अब सुंदर एवं आकर्षक रूप में विकसित हो गया है। तलैया में पानी भराव एवं नियमित सफाई हेतु पर्याप्त संसाधन एवं उपकरणों का अभाव है, जिसके कारण इसके संरक्षण में कठिनाई आ रही है। सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से अपील है कि तलैया में कचरा या गंदगी न फैलाएं स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर गढ़ पाले जी ने अपील की है कि तलैया को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आइए, मिलकर अपने नगर को स्वच्छ, सुंदर और जागरूक बनाएं।

## पेयजल, शौचालय और अन्य सुविधाएं भी व्यवस्थित नहीं?

### कई साल बाद भी तहसील गुनौर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव!



**पन्ना।** नगर परिषद एवं विधानसभा मुख्यालय 59 होंने के बावजूद भी एसडीएम कार्यालय के समीप स्थित तहसील कार्यालय गुनौर की स्थापना को लगभग 30 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज भी यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। शासन-प्रशासन द्वारा इस गंभीर समस्या का समाधान अब तक नहीं किया. गया है। बताते हैं कि पूर्व में ग्राम पंचायत गुनौर द्वारा कमी लाख रुपए सरकार से निकाल कर शौचालय निर्माण कराया गया था । मगर ना तो उसमें पानी की व्यवस्था है ना ही साफ़ सुथरी व्यवस्था । बताया जाता है कि कुछ दिनों तक यहां निर्मित शौचालय के ऊपर से टेक्स रखा गया था, मगर फोटो खिंचवाने के बाद शौचालय से पानी की टंकी ( सेंटेक्स ) को ही कोई गायब कर दिया । और खंडहर में तब्दील हो गया है । अब वहां आपराधिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं । गुनौर तहसील के अंतर्गत लगभग सैकड़ों ग्राम आते हैं,अब हालात बदल से बद्तर है । बताया जाता है कि तहसील एसडीएम कार्यालय का क्षेत्र,जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपने राजस्व कार्यों के लिए तहसील कार्यालय पहुंचते हैं। कई लोगों को दिनभर परिसर में रुकना पड़ता है, लेकिन पेयजल, सार्वजनिक प्रसाधन (शौचालय) और बैठने की व्यवस्था जैसी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर महिलाओं को अधिक दिक्कत झेलनी पड़ती है। गुनौर अधिवक्ता, संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बताया कि इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।। शासन प्रशासन सहित सरकार से आवाम की गुजारिश है कि इस ओर नजरें इनायत करें। ताकि जनता जनार्दन को सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## जल संरक्षण के लिए युवा शक्ति का आह्वानः शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में जल-गंगा संवर्धन अभियान पर विशेष व्याख्यान आयोजित



**देवेन्द्रनगर।** षासकीय संस्कृत महाविद्यालय, देवेन्द्रनगर में आज ष्जल-गंगा संवर्धन अभियानष के अंतर्गत एक भव्य व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यम का मुख्य उद्द्येष्य छात्रों और समाज में जल संरक्षण तथा पवित्र नदियों के पुनरुद्धार के प्रति जागरूकता पैदा करना था। प्राचार्य डष्. नीरज षर्मा का विषिश्ट उद्बोधन कार्यम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डष्. नीरज षर्मा ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में जल की महत्ता पर प्रकाष डाला। उन्होंने कहा जल ही जीवन का आधार है और गंगा हमारी संस्कृति की प्राणधारा है। जल-गंगा संवर्धन अभियान केवल एक सरकारी कार्यम नहीं, बल्कि भविश्य की पीढ़ी को सुरक्षित करने का एक संकल्प है। संस्कृत ग्रंथों में भी ष्आपो हि श्ठा मयोभुवःष कहकर जल को सुखकारी और जीवनदायी माना गया है। हमें अपनी प्राचीन परंपराओं और आधुनिक तकनीक का मेल कर जल संचयन की दिषा में ठोस कदम उठाने होंगे। कार्यम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त षैक्षणिक और गैर-षैक्षणिक स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। व्याख्यान के दौरान विशय विषेशज्ञों और वरिश्ठ प्राध्यापकों ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यम में मुख्य रूप से निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे। षैक्षणिक स्टाफ डष्. ध्रुवकुमार पाण्डेय , डष्. रामनरेष द्विवेदी, डष्. षालिग्राम मिश्र, राजाबाबू, रुद्रेष, सोनू, दीपेन्द्र सहित अनेक छात्र उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर दो चचेरे भाईयों में मारपीट, पुलिस ने दोनो पक्षों में किया काउंटर केस दर्ज, दो कटनी रेफर



**शाहनगर।** थाना शाहनगर क्षेत्रांतर्गत बोरी चौकी के समीप सुनपुरा गांव मे बुधवार की शायं 4बजे दो भाईयों पर जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की गई जानकारी के मुताबिक फरियादी शिवकुमार पिता रामचन्द्र यादव उम्र 40 वर्ष निवासी सुनपुरा ने बताया की मेरी खेती की जमीन बरूआबारन हार मे मेरे चचेरे भाई की जमीन से लगी है आज मे खेत के किनारे लगी सरकारी जमीन पर लगे झाड झंकार की सफाई मे लगा था तभी रामभाई यादव पिता बलिराम यादव उम्र 55 वर्ष निवासी सुनपुरा और उसका दोनों बेटा मुकेश यादव और सुखेन्द्र यादव आये और गाली गालौज करने लगे तभी रामभाई ने हाथ मे ली हूई कुल्हाडी मेरे सिर पर मुदाही की तरफ से मार दी तभी वहीं पास में मेरी धर्मपत्नी उमारानी यादव ने बीच बचाव किया उसके दोनों बेटों ने लाठी डन्डो से मारपीट की वही दूसरे पक्ष ने भी रामभाई पिता बलीराम यादव ने भी मारपीट का आरोप लगाया है पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के अधार दोनों पक्षों मे कांऊटर केश का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने घायलों को शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ईलाज के लिये लाया गया जहा से प्राथमिक उपचार पश्चात रामभाई यादव और बलिराम यादव को कटनी। रेफर कर दिया गया।

## 525.67 लाख की लागत से बनेगा अत्याधुनिक जनपद पंचायत कार्यालय, विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया भूमिपूजन





**पन्ना।** जिले के प्रशासनिक ढांचे को सशक्त और आधुनिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत पन्ना जनपद पंचायत परिसर में नवीन जनपद पंचायत कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का भव्य भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पंचायत पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में आमजन की गरिमामयी उपस्थिति रही।करीब 525.67 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाला यह बहुउद्देशीय और अत्याधुनिक भवन पन्ना जिले की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगा। यह परियोजना न केवल कार्यालयीन कार्यों को सुव्यवस्थित करेगी, बल्कि आम नागरिकों को एक ही छत के नीचे बेहतर और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने में भी सहायक सिद्ध होगी।आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा भवन नवीन जनपद पंचायत कार्यालय को भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा। इसमे इन सुविधाओं के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पन्ना जिले के विकास के लिए लगातार ठोस और दूरदर्शी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा यह नवीन जनपद पंचायत भवन केवल एक इमारत नहीं, बल्कि पन्ना के ग्रामीण विकास का सशक्त केंद्र बनेगा। यहां से योजनाओं का संचालन और क्रियान्वयन अधिक प्रभावी ढंग से होगा, जिससे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचेगा।उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में प्रशासनिक ढांचे का आधुनिक होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि जनता को समय पर और पारदर्शी सेवाएं मिल सकें। हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण अंचलों में भी शहरी स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। यह भवन उसी सोच का परिणाम है। इससे कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा और आमजन को अपने कार्यों के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने यह भी उल्लेख किया कि पन्ना में लगातार सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना से जुड़े विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।हमारा लक्ष्य है कि पन्ना जिला विकास के हर पैमाने पर अग्रणी बने। जनपद पंचायत भवन का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो आने वाले वर्षों में क्षेत्र की प्रगति को नई गति देगा। विकास की दिशा में मजबूत कदम इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद जनपद स्तर पर प्रशासनिक कार्यों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा। योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी, समन्वय बेहतर होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति बढ़ेगी।स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे पन्ना के विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया। नवीन जनपद पंचायत कार्यालय भवन का यह भूमिपूजन कार्यक्रम पन्ना जिले के विकास इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है। आने वाले समय में यह भवन प्रशासन और जनता के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करेगा।

**संयुक्त संचालक एवं संस्कृत शिक्षक भी हुए शामिल, संस्कृत भाषा के महत्व पर हुई चर्चा**

## उत्कृष्ट विद्यालय पन्ना में संस्कृत विद्यालयों की संगोष्ठी सह बैठक का आयोजन



**पन्ना।** शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय क्रमांक 1 पन्ना में बुधवार को संस्कृत अध्यापन वाले शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की संगोष्ठी सह बैठक का आयोजन संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग सागर एस.पी.एस. बिसेन एवं संस्कृत भारती के महाकौशल प्रांत संगठन मंत्री मनोज पाण्डेय की अध्यक्षता में किया गया। संयुक्त संचालक श्री बिसेन ने संस्कृत शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज विदेश में संस्कृत का प्रचनल बढ़ता जा रहा है। वर्तमान परिवेश में छात्र-छात्राओं को संस्कृत के लिए अधिक समय देने की आवश्यकता है। प्रार्थना सभा में भी विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत भाषा में छोटे-छोटे शब्दों का प्रयोग करके इसे प्रोत्साहित किया जा सकता है। उन्होंने प्रत्येक जिले एवं विकासखण्ड में दो शिक्षकों को संस्कृत प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाए जाने पर जोर दिया, जो संस्कृत भाषा को लोकप्रिय बनाने के लिए कार्य करेंगे। साथ ही संस्कृत भाषा को आमजन एवं समाज के बीच लोकप्रिय बनाने का कार्य भी किया जाएगा। कार्यक्रम में मनोज पाण्डेय द्वारा शिक्षकों को संबोधित करते हुए वर्ष 1981 से सम्भाषण आंदोलन एवं वर्ष 1991 से संस्कृत भारती के संबंध में विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए बताया गया कि संस्कृत भारती सामाजिक, शैक्षणिक, उच्च शिक्षण एवं शोधात्मक कार्य कर रही है। संस्कृत भाषा को हमें अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने गुरू शिष्य परंपरा, शिक्षा दान, समाज में संस्कृत के प्रति जागरूकता तथा हर स्तर पर संस्कृत भाषा का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे ने संस्कृत संगोष्ठी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत भाषा हमारी प्राचीन भाषा है। संस्कृत से ही हिन्दी भाषा का जन्म हुआ है। संस्कृत का धीरे-धीरे कम होना चिंता का विषय है। हमें संस्कृत भाषा को और अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए आवश्यक प्रयास करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिले की विभिन्न शालाओं के संस्कृत शिक्षक सहित डीपीसी अजय गुप्ता, सहायक संचालक अमित जैन, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक मिश्रा, प्राचार्य रंजना खरे एवं श्याम बिहारी गर्ग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वैदिक मंगलाचरण जिला संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी धीरेन्द्र कुमार शुक्ला के नेतृत्व में डॉ. सतीश मिश्रा, संदीप त्रिपाठी, गिरजा प्रसाद पांडे, शिवाकांत गर्ग, शैलेन्द्र दुबे, सतेन्द्र पटेरिया, हरिनारायण पांडे, बृज किशोर बिदुआ एवं अन्य वैदिक आचार्यों द्वारा किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनोद मिश्रा द्वारा संस्कृत भाषा में किया गया।

## शासकीय महाविद्यालय शाहनगर द्वारा विशेष शिविर का आयोजन




**शाहनगर।** शासकीय महाविद्यालय शाहनगर द्वारा विशेष शिविर शाहनगर पंचायत के मजरा टोला धर्मपुरा में आयोजित किया गया जहां स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गथा जिसमे ग्रामिणों एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मनुष्य के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता रैली निकालकर अपने स्वास्थ्य के प्रति सजक रहने की का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान शासकीय कलॉ वाणिज्य महाविद्यालय की प्रचार्या ने दैनिक कैलेन्डर की विभिन्न गतिविधियों वौद्धिक विकास से संबन्धित टिप्स भी दिये। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवक सहित समस्त स्टाप शामिल रहा।

## नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण संपन्न

**पन्ना।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पन्ना द्वारा जिला कार्यालय में नवांकुर संस्थाओं का सक्रियकरण बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को जिला समन्वयक अनीता जाटव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर समस्त नवांकुर संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की गई एवं गत 19 मार्च से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों को विस्तृत जानकारी प्रदान कर गतिविधियों को संचालित करने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में जिले के समस्त विकासखंड समन्वयक एवं नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक उपरांत नर्सरी भ्रमण कार्यक्रम पन्ना विकासखंड के ग्राम अहिरगवां में आयोजित किया गया। इस दौरान नर्सरी की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप

### एनसीएल की जयंत परियोजना ने एक दिन में 1.21 लाख टन कोयला प्रेषण कर बनाया रिकॉर्ड



वैश्विक ऊर्जा संकट और अनिश्चितताओं के वर्तमान दौर में देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) का योगदान निरंतर उल्लेखनीय बना हुआ है। कोल इंडिया लिमिटेड की प्रमुख अनुषंगी कंपनी एनसीएल द्वारा कोयला मं त्रालय के निर्देशों के अनुरूप निर्बाध कोयला उत्पादन एवं प्रेषण सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे देश के ऊर्जा क्षेत्र को मजबूती मिल रही है।
इसी क्रम में बुधवार को एनसीएल की सबसे बड़ी परियोजना जयंत परियोजना ने एक दिन में सर्वाधिक कोयला प्रेषण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस दौरान परियोजना द्वारा देश के विभिन्न ताप विद्युत गृहों एवं उद्योगों को कुल 1.21 लाख टन कोयले का प्रेषण किया गया। इसमें भारतीय रेल के माध्यम से 17 रैक्स, पिटहेड पावर प्लांट्स को एमजीआर के माध्यम से 20 रैक्स तथा सड़क मार्ग से 278 ट्रक शामिल रहे।इस वर्ष जयंत परियोजना द्वारा सामान्यतः रेल माध्यम से औसतन 11 रैक्स तथा एमजीआर के माध्यम से औसतन 12 रैक्स का प्रेषण किया गया है। इस औसत की तुलना में बुधवार का प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा।यदि एनसीएल के समग्र प्रदर्शन की बात करें, तो कंपनी का वार्षिक औसत प्रतिदिन 45 रेल रैक्स तथा 55 एमजीआर रैक्स (पिटहेड प्लांट्स हेतु) का है, जबकि बुधवार को कंपनी ने 52 रेल रैक्स और 55 एमजीआर रैक्स का प्रेषण कर बेहतर प्रदर्शन किया।
देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में टीम एनसीएल का यह उत्कृष्ट योगदान 'कोयला है तो भरोसा है' की संकल्पना को साकार करता है।

### कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों ने आरआई पटवारियों की बैठक ली



#### फॉर्मर रजिस्ट्री एवं राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के द्वारा राजस्व अधिकारियों को फॉर्मर रजिस्ट्री एवं राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी अनुक्रम में राजस्व अधिकारियों द्वारा आरआई, पटवारियों की बैठक ली गई और आवश्यक निर्देश दिए गए।बिजावर, लवकुशनगर, बड़ामलहरा एवं चंदला में एसडीएम द्वारा आरआई, पटवारियों की बैठक लेते हुए फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली सहित अन्य राजस्व कार्यों की समीक्षा की गई और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रत्येक पटवारी को प्रतिदिन 50 से 100 रजिस्ट्री प्रतिदिन पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। साथ ही स्पष्ट किया गया कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी राजस्व कार्यों में तेजी लाई जाए तथा किसानों को समय पर लाभ उपलब्ध कराया जाए। राजस्व अधिकारियों द्वारा कार्य में लापरवाही न बरतने तथा समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### पुलिस ने 25 साल पुराने मामले में इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार



छतरपुर। थाना गौरिहार पुलिस ने न्याय पथ अभियान के अंतर्गत 25 साल पुराने एक मामले में सफलता हासिल की है। वर्ष 2001 के अवैध शराब संबंधी प्रकरण का फरार आरोपी, जिस पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित था, को जिला बांदा से गिरफ्तार कर लिया गया है।एसपी अगम जैन के निर्देशन में चलाए जा रहे जिला स्तरीय न्याय पथ अभियान के तहत पुलिस टीम ने अवैध शराब प्रकरण के फरार आरोपी कमलेश कुमार मिश्रा पुत्र रामलाल मिश्रा, निवासी ग्राम पनगरा, थाना नरैनी, जिला बांदा को गिरफ्तार किया। आरोपी पर माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को विधिवत कानूनी कार्यवाही पूरी कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में एसडीओपी लवकुश नगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरिहार निरीक्षक रूप नारायण पटेरिया, चौकी प्रभारी पहरा उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह यादव, आरक्षक विकास सिंह, शिवम मिश्रा, संदीप पाठक, मुलायम सिंह, दीप सिंह, शेरा सिंह, अखिलेश मिश्रा और सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## धर्म कांटे पर ट्रक बैक करते समय हादसा, बाइक सवार गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर



नौगांव। नौगांव-टीकमगढ़ रोड पर बुधवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। धर्म कांटे के पास ट्रक के बैक करते समय बाइक सवार उसकी चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक गरौली रोड स्थित धर्म कांटे पर वजन कराने के बाद बैक हो रहा था। उसी दौरान बाइक से टीकमगढ़ की ओर जा रहा एक युवक ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में घायल युवक के हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस की मदद से उसे तुरंत उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव लाया गया। एंबुलेंस उपलब्ध न होने के कारण उसे पिकअप वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। घायल युवक ने अचेत अवस्था में अपना नाम जय प्रकाश राजपूत, पिता जयहिंद राजपूत, निवासी सिमराखुर्द जिला टीकमगढ़ बताया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## देवगांव टोल प्लाजा पर मारपीट और अवैध वसूली के आरोप

छतरपुर। खजुराहो-झांसी फोरलेन स्थित बमीठा थाना क्षेत्र के देवगांव टोल प्लाजा पर मारपीट और अवैध वसूली का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि टोल प्लाजा मैनेजर आरएस तोमर की दबंगई के चलते यात्रियों से जबरन दोगुना टैक्स वसूला जा रहा है।

स्थानीय लोगों और यात्रियों का कहना है कि टोल प्रबंधन द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए मनमानी वसूली की जा रही है। विरोध करने पर यात्रियों के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट तक की जा रही है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है।

बताया जा रहा है कि टोल मैनेजर के संरक्षण में यह पूरा खेल खुलेआम चल रहा है और शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। मामले के सामने आने के बाद प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## 25 साल पुराने अवैध शराब के मामले में 10 हजार के इनामी को गौरिहार टीआई ने बांदा से पकड़ा

गौरिहार। थाना गौरिहार अंतर्गत वर्ष 2001, 25 साल पुराने अवैध शराब संबंधी प्रकरण का आरोपी फरार चल रहा था, न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम द्वारा उक्त प्रकरण के फरार 10000 के इनामी स्थाई वारंटी कमलेश कुमार मिश्रा पिता रामलाल मिश्रा निवासी ग्राम पनगरा थाना नरैनी जिला बांदा को जिला बांदा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। विधिवत कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी लवकुशनगर नवीन दुबे, थाना प्रभारी गौरिहार रूपनारायण पटेरिया, चौकी प्रभारी पहरा उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह यादव, आरक्षक विकास सिंह, शिवम मिश्रा, संदीप पाठक, मुलायम सिंह, दीप सिंह, शेरा सिंह, अखिलेश मिश्रा एवं टीम की भूमिका रही। छतरपुर पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और लंबित मामलों के निपटारे के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## आईगोट कर्मयोगी पोर्टल पर नोडल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में 26 मार्च 2026 को ई-गवर्नेंस छतरपुर द्वारा विभिन्न नोडल अधिकारियों के लिए आईगोट कर्मयोगी पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन का ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया।प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, प्रोफाइल अपडेट, पोर्टल एवं मोबाइल एप के उपयोग, मॉड्यूल सर्च करने, कोर्स पूर्ण करने तथा प्रमाण पत्र डाउनलोड करने की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में विशेष रूप से आगामी साधना सप्ताह (02 अप्रैल 2026 से 08 अप्रैल 2026) के अंतर्गत निर्धारित थीम के अनुसार अधिक से अधिक कोर्स पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिकारियों एवं कर्मचारियों की क्षमता संवर्धन सुनिश्चित किया जा सके।यह प्रशिक्षण ई-गवर्नेंस जिला प्रबंधक राहुल तिवारी एवं ई-दक्ष वरिष्ठ प्रशिक्षक हर्ष चतुर्वेदी द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया के नेतृत्व एवं डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## नेत्र शिविर में दो सैकड़ा लोगों ने कराई जांच, 50 ऑपरेशन के लिए चिन्हित



छतरपुर। शहर के हनुमान टौरिया पर एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्व. नाथूराम असाटी और स्व. रामकली असाटी की स्मृति में लगाया गया। समाजसेवी गिरजा पाटकर ने बताया कि हनुमान टौरिया परिसर में लगातार 16 वर्षों से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में आज करीब 200 लोगों ने पंजीयन कराया। इनमें से 50 मरीजों को मोतियाबिंद की समस्या पाई गई, जिन्हें आगे के इलाज के लिए चिन्हित किया गया। शिविर हर माह की 26 तारीख को हनुमान टौरिया मंदिर परिसर में नियमित रूप से लगाया जाता है।

सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आए नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की आंखों की विस्तृत जांच की और आवश्यक सलाह दी। समाजसेवी गिरजा पाटकर ने बताया कि यह शिविर गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने मरीजों को मुफ्त दवाएं और चश्मे संबंधी परामर्श भी प्रदान किया।



## छतरपुर में रामनवमीं की भव्य शोभायात्रा आज निकलेगी

**छतरपुर। बुंदेलखंड का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन श्री रामनवमी पर आज छतरपुर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। गल्लामंडी स्थित रामलीला मैदान में रामजन्म की लीला का मंचन होने के बाद दोपहर 12 बजे श्रीराम की भव्य शोभायात्रा शुरू होगी।**

मीडिया प्रभारी अभिलेख खरे ने बताया कि शोभायात्रा में सभी समाजों की झांकियां, ढोल-बैंड, घोड़े, बग्घियां और पारंपरिक वाद्य यंत्र शामिल होंगे। बग्घियों में भगवान श्रीराम के विभिन्न स्वरूप विराजमान रहेंगे। शोभायात्रा की शुरुआत भगवान गजानन की झांकी से होगी। इसके अलावा अन्य आकर्षक झांकियां भी पूरे मार्ग में भक्तों का ध्यान खींचेंगी। जगह-जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस बार शोभायात्रा में विशेष सजावट की गई है और पुरानी विधाओं को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। श्रीराम सेवा समिति के संयोजक राकेश तिवारी ने बताया कि रामनवमी की इस भव्य शोभायात्रा में दो हजार बेटियां हिस्सा लेंगी। इन बेटियों को विभिन्न कलाओं का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, जो शोभायात्रा में एक अलग छटा बिखेरेंगी। प्रताप नवयुवक संघ के प्रदीप सेन ने कहा कि बेटियों का यह समूह शोभायात्रा को और भी आकर्षक बनाएगा।

## मां बगराजन दरबार में छप्पन भोग के साथ सप्तमी पर भव्य महाआरती सम्पन्न

महाराजपुर।

नगर के बीचो-बीच ऊंची पहाड़ी पर विराजमान मां बगराजन के दरबार में सप्तमी पर्व के अवसर पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान माता रानी को छप्पन भोग अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। महाआरती के समय भक्ति संगीत की मधुर धुनों और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। जगत जननी मां जगदंबा के दरबार में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मनोकामनाएं पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं द्वारा दान-पुण्य, कन्या भोज एवं भंडारों का आयोजन किया गया। वहीं श्रद्धालुओं ने फल, फूल, केला आदि का वितरण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## नगर के बीचो-बीच ऊंचे पर्वत पर विराजमान हैं शेरावाली माई



पंडित श्री उपकार शर्मा ने बताया कि मां बगराजन मंदिर से जुड़े रहस्यमयी किस्से आज भी जनमानस में चर्चित हैं। मान्यता है कि जो भी भक्त श्रद्धा और भक्ति भाव से शेरावाली माई की चौकी पर मन्नत मांगता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि नगर में किसी भी शुभ कार्य, विशेषकर विवाह जैसे मांगलिक आयोजनों से पूर्व लोग माता के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद लेते हैं। माता के दर्शन उपरांत ही विवाह की रस्में प्रारंभ की जाती हैं, जिससे सभी बाधाएं दूर होती हैं। बुधवार शाम आयोजित महाआरती में नगर की माताएं, बहनें, पुरुष एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। डीजे एवं भक्ति गीतों के बीच महाआरती का शुभारंभ हुआ और पूरा क्षेत्र धर्ममय माहौल में रंग गया जय मातादी जयकारों के साथ महाआरती संपन्न हुई भक्त जनों में प्रसाद ग्रहण किया।

## बकरी चराने गए दो बच्चों की कुएं में डूबने से दर्दनाक मौत



### 12 वर्षीय रंजीत पाल और आबिद खान की जिंदगी पानी में समा गई, गांव में छाया मातम

**लवकुशनगर। थाना क्षेत्र अंतर्गत गुधौरा पंचायत के संलग्न गांव कचेरन पुरवा में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। बकरी चराने खेत गए दो 12 वर्षीय बच्चों की कुएं में डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान रंजीत पाल पुत्र रजवा पाल और आबिद खान पुत्र शहीद खान के रूप में हुई है। दोनों ही कचेरन पुरवा गांव के निवासी थे।**
घटना के अनुसार दोनों बच्चे घर से बकरी चराने के लिए खेत में गए थे। पानी पीने के लिए वे कुएं के पास पहुंचे। ग्रामीणों के अनुसार दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़कर कुएं में पानी पीने उतरे, लेकिन अचानक हाथ छूट गया। पहले आबिद खान कुएं में गिर पड़ा। उसे बचाने के लिए रंजीत पाल भी कुएं में कूद गया। दोनों ही पानी में डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मदद की कोशिश की। लवकुशनगर थाना प्रभारी अजय अम्बे की टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने रंजीत पाल का शव कुएं से बरामद कर लिया, जबकि आबिद खान के शव की तलाश जारी है। पुलिस का रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से चल रहा है। दोनों बच्चों के डूबने का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बच्चों की दुःखद मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता दी गई

जिले तहसील चंदला एवं थाना लवकुशनगर अंतर्गत गुधोरा में दो मासूम बच्चों की कुएं में डूबने से दुःखद मौत हो गई। एसडीएम लवकुशनगर कौशल सिंह ने बताया कि रंजीत उम्र 11 वर्ष पिता राजवा पाल निवासी गुमानगंज (हाल निवासी नगरौली) एवं आबिद उम्र 12 वर्ष पिता शाहिद खान निवासी नगरौली, दोनों बच्चों की कुएं में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस के साथ भेजा गया है। साथ ही परिजन को तत्काल रूप से 5-5 हजार रुपए की अंत्येष्टि सहायता उपलब्ध कराई गई और कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में निम्नानुसार प्रकरण तैयार कर आरबीसी 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए की पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



## दहेज की मांग और प्रताडना से तंग आकर युवती की संदिग्ध मौत, ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप

छतरपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के तमराई मोहल्ला में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतिका अंजना अनुरागी (26 वर्ष) की शादी 1 मई 2025 को देव उर्फ शिवा ताम्रकार के साथ हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ महीनों बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। परिवार के अनुसार पिछले तीन-चार महीनों से अंजना से लगातार पैसों की मांग की जा रही थी। मृतिका की मां ने बताया कि ससुराल वाले 20 लाख रुपये की दहेज राशि की मांग कर रहे थे। इस कारण अंजना छुप-छुपकर मायके वालों से बात करती थी। जब भी वह फोन पर बात करती, तो ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट की जाती थी और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकियां दी जाती थीं। घटना की शाम करीब 5 बजे परिजनों को अचानक सूचना मिली कि अंजना की मौत हो गई है। जब परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि अंजना के गले पर नाखून के निशान थे और उसका चेहरा नीला पड़ा हुआ था। परिजन इसे हत्या करार देते हुए ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। मृतिका के परिवार ने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## प्रभात फेरी को न्यायाधीशों ने ध्वज दिखाकर किया रवाना



छतरपुर। रामनवमीं की शोभायात्रा के पूर्व शहर में प्रातः निकलनी वाली प्रभात फेरी में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय राजेश देवलिया विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विष्णु सोलंकी डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार वीरेंद्र सिंह चढ़ार अधिवक्ता संघ छतरपुर के अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह ने ध्वज दिखाकर रवाना किया। यह प्रभातफेरी शहर के सभी हिस्सों में जाकर लोगों से रामनवमीं की शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रण दे रही है। श्रीराम सेवा समिति के संयोजक राकेश तिवारी, कार्यक्रम संयोजक पंकज पहारिया सहित अन्य लोगों ने पुलिस अधीक्षक अगम जैन को एक ज्ञापन सौंपते हुए शोभायात्रा के दौरान शरारती तत्वों पर नजर रखने, ध्वनि प्रदूषण पर कार्रवाही करने की मांग की है। समिति के कार्यक्रम संयोजक पंकज पहारिया ने बताया कि समिति द्वारा किसी भी व्यक्ति को ऐसी कोई सहमति जारी नहीं की गई है जिससे ध्वनि विस्तारक यंत्रों, डीजे आदि सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन अथवा मध्यप्रदेश कोलाहल अधिनियम का उल्लंघन किया जाए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि यदि कोई डीजे संचालक नियमों का उल्लंघन करता है तो श्रीराम सेवा समिति उत्तरदायी नहीं मानी जाएगी। प्रशासन अपने स्तर पर कार्रवाही कर सकता है।

## जहरीले कीड़े के काटने से 9 वर्षीय मासूम की मौत

### इलाज के दौरान बिगड़ी हालत, ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम



छतरपुर। जिले में एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है, जिसमें जहरीले कीड़े के काटने से 9 वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक बालक महेंद्र कुशवाहा पुत्र कैलाश कुशवाहा, निवासी ग्राम बाहरपुरा थाना बमीठा है। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे महेंद्र अपने खेत पर खेल रहा था, तभी अचानक किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। बच्चे ने तुरंत घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन घबराकर उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान बच्चे की हालत लगातार बिगड़ती गई। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर कर दिया। परिजन तुरंत बच्चे को लेकर ग्वालियर के लिए रवाना हो गए, लेकिन रास्ते में ही उसकी हालत और अधिक खराब हो गई और उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने तुरंत बच्चे को वापस जिला अस्पताल ले जाकर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## भगवा पुलिस ने 24 घंटे में हत्यारे को गिरफ्तार किया

### ग्राम झिंगरी में मारपीट के बाद श्याम आदिवासी हुई थी की मौत



**छतरपुर। थाना भगवा पुलिस ने ग्राम झिंगरी में हुई मारपीट की घटना को हत्या में बदलने के मात्र 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पुष्पेंद्र ठाकुर पर श्याम आदिवासी की जान लेने का आरोप है।**
दो दिन पहले ग्राम झिंगरी में दुकान के पास फरियादी श्याम आदिवासी के साथ मारपीट हुई थी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल श्याम को तुरंत चिकित्सालय पहुंचाया गया। पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना भगवा में भारतीय न्याय संहिता तथा एससी-एसटी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।उपचार के दौरान पीड़ित श्याम आदिवासी की मृत्यु हो जाने की सूचना मिली। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने पहले दर्ज मामले में हत्या की धारा बढ़ा दी। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे के अंदर आरोपी पुष्पेंद्र ठाकुर पुत्र फेरन सिंह ठाकुर, निवासी ग्राम बाकपुरा थाना भगवा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा और बका बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त पुष्पेंद्र ठाकुर पहले से सड़क दुर्घटना और मारपीट जैसे दो अपराधों में लिप्त था।इस सफल कार्रवाई में एसडीओपी रोहित अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भगवा निरीक्षक कृपाल मार्को, उपनिरीक्षक खुमान सिंह, उपनिरीक्षक एम.एल. मरावी, प्रभारी आरक्षक कल्याण सिंह, प्रभारी आरक्षक रविशंकर, आरक्षक बृजेंद्र, मिहिलाल एवं अन्य टीम सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बक्सवाहा में जंगल की लूट! आधा हेक्टेयर वन तबाह, सिस्टम पर उठे संगीन सवाल

### जंगली झाडियों सहित आधा सैकड़ा पेड़ किए ध्वस्त, प्रकरण सिर्फ मशीन पर बना

**छतरपुर। बक्सवाहा वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 257 में 13 मार्च 2026 को जेसीबी मशीन से किए गए अवैध उत्खनन का मामला अब एक बड़े जंगल घोटाले की शक्ल लेता जा रहा है। वन विभाग ने मशीन जब्त कर पीओआर क्रमांक 954 दर्ज किया और धारा 133(1) के तहत प्रकरण कायम किया, लेकिन ज़मीनी हकीकत विभाग की कार्रवाई से कहीं ज्यादा गंभीर नजर आ रही है।**

करीब आधा हेक्टेयर वन भूमि को पूरी तरह उजाड़ दिया गया। इस सुनियोजित विनाश में लगभग 500 झाडियां साफ कर दी गईं, 40 से अधिक बड़े पलाश के पेड़ जमींदोज हो गए और काकर जैसे मजबूत पेड़ भी नहीं बचे। इतनी भारी तबाही के बावजूद वन विभाग की रिपोर्ट में बड़े पेड़ों की सही संख्या और क्षति का पूरा विवरण दर्ज नहीं किया गया। सूत्रों का कहना है कि मौके पर पेड़ों की विधिवत नाप-जोख नहीं की गई, जबकि स्थल की फोटो, वीडियो और जीपीएस लोकेशन के ठोस सबूत उपलब्ध हैं।

अब सवाल सीधे वन विभाग की व्यवस्था पर उठ रहे हैं। परिक्षेत्र सहायक और बीट गार्ड की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि कुछ छुटभैया नेताओं की सक्रियता से मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। क्या यह मात्र प्रशासनिक लापरवाही है या फिर मिलीभगत का खेल



चल रहा है, यह जांच का विषय बन गया है। हालांकि मुख्य वन संरक्षक के निर्देश पर उप वन मंडल अधिकारी रामकुमार और वन परिक्षेत्र अधिकारी लव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में बीट प्रभारी भागीरथ रैकवार तथा बीट गार्ड राजेश बिल्थरे द्वारा मशीन जब्त की गई, लेकिन इतनी बड़ी तबाही के बाद भी पूरे नुकसान का सही आंकलन क्यों नहीं किया गया, यह बड़ा सवाल है। स्थानीय जनता में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। लोग पूछ रहे हैं कि क्या बड़े पेड़ों की कटाई जानबूझकर छिपाई गई? क्या आधा हेक्टेयर जंगल यूं ही बर्बाद हो जाएगा? क्या जिम्मेदार अधिकारी और लोग बच जाएंगे या फिर पूरा मामला कागजों में दफन कर दिया जाएगा।

### इनका कहना-

वन परिक्षेत्र में पेड़ एवं झाड़ियों को धराशायी करने का मामला सामने आया है। डीएफओ द्वारा कार्रवाही की जा रही है।

**नरेश यादव, सीसीएफ, छतरपुर**

खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री ने बेला-चोरहटा बाईपास निर्माण कार्य का लिया जायजा



रीवा ।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बेला-चोरहटा बाईपास निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हो तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। यह मार्ग क्षेत्रीय यातायात को सुगम बनाते हुए आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान करेगा। हमारा लक्ष्य है कि विकास कार्यों में गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित हों, जिससे प्रदेश की आधारभूत संरचना और अधिक सुदृढ़ हो।

### शेरो-शायरी के साथ पेश हुआ रीवा नगर निगम का बजट

# सदन में हंगामा: निर्दलीय पार्षद बर्खास्त, विपक्ष ने बजट को बताया हास-उपहास का विषय, महापौर पर टिप्पणी के बाद बढ़ा विवाद; 30 मार्च को होगी विस्तृत चर्चा

**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा का 17वां साधारण सम्मेलन गुरुवार को राजनीतिक तल्खियों और हंगामे के बीच आयोजित हुआ। अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय की अध्यक्षता में पूर्वान्ह 11:30 बजे शुरू हुई बैठक में महापौर अजय मिश्रा बाबा और आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत शेरो-शायरी के साथ हुई, जिसके बाद प्रभारी सदस्य वित्त एवं लेखा रवि तिवारी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट सदन में प्रस्तुत किया। बजट पेश होने के बाद पार्षदों ने विस्तृत चर्चा के लिए समय मांगा, जिस पर अध्यक्ष ने 30 मार्च 2026 को चर्चा की तिथि तय की।

बता दे बजट पेश होते ही विपक्ष ने उस पर तीखी प्रतिक्रिया दी। नेता प्रतिपक्ष दीनानाथ वर्मा ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि वित्त मंत्री धनिया बो गए हैं,यह बजट गंभीर नीति दस्तावेज कम और हास-उपहास का कारण अधिक प्रतीत हो रहा है। विपक्ष ने बजट की प्राथमिकताओं, वित्तीय प्रबंधन और जमीनी उपयोगिता पर सवाल खड़े किए।हंगामे के बावजूद परिषद ने अपने एजेंडे के अन्य प्रस्तावों पर चर्चा कर उन्हें पारित किया। बैठक में श्रीमती शिवराज डॉ. सी.एल. रावत, ममता कृष्णाकर कुशवाहा, सपना वर्मा, दारा सिंह, राजीव शर्मा छोटू, धनेन्द्र सिंह बघेल, श्रीमती अर्चना शिवदत्त पाण्डेय, श्रीमती अमिता वीरेन्द्र सिंह, श्रीमती रश्मि विनोद शर्मा, श्रीमती ज्योति प्रदीप सिंह, श्रीमती नम्रता संजय सिंह बघेल, रवि तिवारी, श्रीमती नीतू अशोक पटेल (झब्बू), सालिकराम नापित (कैप्टन), श्रीमती बंदना सिंह, अंबुज रजक (गोलू), समीर शुक्ला (गोलू), दीनानाथ वर्मा, संजय खांन, श्रीमती रफीकुन शहनाज अंसारी, मनीष नामदेव मन्नू, श्रीमती ज्योति कबीर पाँसा, श्रीमती ज्योति नामदेव, श्रीमती रमा दुबे, श्रीमती सरस्वती नन्दलाल ताम्रकार, श्रीमती नजमा बेगम, श्रीमती सूफिया बेगम, अख्तर अली (मुन्ना भइया), सूरज केवट (बब्बू), श्रीमती गायत्री लखन खण्डेलवाल, राजबहोर चर्मकार



उर्फ राजू, सुश्री आरती बक्सरिया, श्रीमती नीलू कटारिया, श्रीमती सुफिया सहफूज खान, गुलाम अहमद, श्रीमती आशा कुशवाहा, अर्चना अमृतलाल मिश्रा, गंगा प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें। इन अहम प्रस्तावों पर लगी मुहरबजट के अलावा परिषद ने कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिसमे पड़रा स्थित ट्रक यार्ड की भूमि 30 वर्ष की लीज पर ई-ऑक्शन के माध्यम से ट्रांसपोर्टरों को देने का निर्णय। सामुदायिक शौचालय (सीटी) के लिए 15 हजार रुपए प्रतिमाह और सार्वजनिक शौचालय (पीटी) को पे-एंड-यूज आधार पर 30 वर्षों के लिए संचालन-संधारण की स्वीकृति।अधिवक्ताओं के लिए चैंबर और दुकानों के निर्माण योजना को मंजूरी। वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न ठेकों के प्रीमियम निर्धारण एवं निविदा आमंत्रण को स्वीकृति। झिरिया में मछली व्यवसायियों को 7 दुकानों के आवंटन हेतु समिति गठित। नगर निगम के स्कूलों को आउटसोर्स माध्यम से संचालित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित।किराया पुनर्निर्धारण (4500 रुपए), बिजली शुल्क 1000 रुपए तय, निर्धारित समय के बाद डीजे पर प्रतिबंध और ऑनलाइन बुकिंग को बढ़ावा। संचालन और संधारण के लिए पुनरीक्षित योजना को स्वीकृति। 2024-25 तक के बकायादारों को एकमुश्त भुगतान पर 5% छूट देने हेतु राज्य शासन को प्रस्ताव भेजने का निर्णय,जातिगत अपमानजनक गांवों के नाम बदलकर महापुरुषों के नाम पर रखने का प्रस्ताव पारित। गुणवत्ता को लेकर बहस, फिर बढ़ा विवादबैठक के दौरान नगर निगम क्षेत्र में गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्यों को लेकर माहौल गरमा गया। वार्ड क्रमांक 13 की निर्दलीय पार्षद नम्रता सिंह ने महापौर से तीखी बहस की। बहस के दौरान कथित तौर पर महापौर के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी और मारने जैसी बात सामने आने पर सदन में हड़कंप मच गया। कांग्रेस पार्षदों ने इसका जोरदार विरोध किया और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। घटनाक्रम के बाद एमआईसी सदस्यों की मांग पर अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय ने कड़ी कार्रवाई करते हुए निर्दलीय पार्षद नम्रता सिंह को बैठक से बर्खास्त कर दिया। इस निर्णय के बाद सदन में कुछ समय तक तीखी नोकझोंक जारी रही।बर्खास्त पार्षद का पलटवारसदन से बाहर आने के बाद नम्रता सिंह ने कांग्रेस और बीजेपी दोनों दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य महापौर का अपमान करना नहीं था और उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सदन में अक्सर इस तरह की घटनाएं होती हैं, लेकिन उनके खिलाफ ही कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एक महिला होने के कारण उन्हें राजनीतिक रूप से निशाना बनाया जा रहा है।

# आजादी के आंदोलन के अमर योद्धाओं डॉ. लोहिया, भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को जन संगठनों ने किया याद

**रीवा ।** समाजवादी चिंतक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ राम मनोहर लोहिया की जयंती और अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के शहादत दिवस पर स्थानीय पूनम जनमासा नेहरूनगर में ताम्रपत्रधारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओंकार नाथ खरे जनशताब्दी वर्ष व्याख्यान माला अंतर्गत नारी चेतना मंच, समता सम्पर्क अभियान समाजवादी कार्यकर्ता समूह एवं विंध्यांचल जन आंदोलन के संयुक्त तत्वावधान में एक विचार संगोष्ठी संपन्न हुई। अध्यक्षता अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दल प्रताप सिंह तिवारी ने की। संचालन डॉ श्रद्धा सिंह ने किया। कार्यक्रम में देश के स्वतंत्रता आंदोलन के लिए संघर्ष करने वाले वीर सपूतों को याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान जन गण मन सामूहिक रूप से गाया गया।अध्यक्षीय उद्बोधन में डीपीएस तिवारी ने कहा कि 23 मार्च का दिन काफी महत्वपूर्ण है। 23 मार्च 1910 को डॉ लोहिया ने जन्म लिया था और 23 मार्च 1931 को भगत सिंह सुखदेव राजगुरु देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूले। भगत सिंह की शहादत के बाद डॉ लोहिया ने अपना जन्मदिन नहीं मनाया। आज लोहिया और भगत सिंह को वैचारिक आधार पर याद किया जा रहा है। श्री तिवारी ने कहा



कि वर्तमान समय में दोहरे मापदंड की राजनीति चल रही। त्याग और बलिदान की पीढ़ी पर वंशवाद का कटाक्ष किया जा रहा वहीं दूसरी ओर सत्ता का भरपूर लाभ लेते हुए त्याग का ढोंग किया जा रहा है।संगोष्ठी को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि भगत सिंह और डॉ लोहिया समाजवादी वैचारिक धरातल के महान चिंतक और क्रांतिकारी थे। भगत सिंह ने क्रांतिकारी आंदोलन को मजबूत किया। उनके द्वारा असेंबली में फेंके गए बम का उद्देश्य किसी की जान लेना नहीं बल्कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ जोरदार धमाका करना था। राष्ट्रीय नेता लाला लाजपत राय की हत्या का बदला लेने के बाद भगत सिंह ने धमाकेदार सत्याग्रह करके ब्रिटिश हुकूमत को बड़ी चुनौती दी। डॉ लोहिया ने समाजवाद को समानता के आधार पर संपन्नता से जोड़ा। समाज की दौड़ में पीछे रह गए लोगों को आगे लाने के लिए डॉ लोहिया ने विशेष अवसर के सिद्धांत की बात की। उन्होंने जाति व्यवस्था और विदेशी भाषा की गुलामी पर तीखा प्रहार किया। डॉ लोहिया और भगत सिंह पूंजीवाद और साम्राज्यवाद के घोर विरोधी थे। उनके विचारों को मानने वाले लोगों को वर्तमान खतरे से सावधान होते हुए अपना विरोध दर्ज कराना चाहिए। लोकतंत्र सेनानी बृहस्पति सिंह ने कहा कि देश की आजादी के लिए भगत सिंह और डॉ लोहिया का महान योगदान था। इनकी क्रांतिकारी गतिविधियों से आजादी का आंदोलन मजबूत हुआ। समाजसेवी श्रवण प्रसाद नामदेव ने डॉ लोहिया भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु को याद करते हुए उनके विचारों को देश की खुशहाली के लिए काफी महत्वपूर्ण बताया।कार्यक्रम में बृहस्पति सिंह, अजय खरे, श्रवण प्रसाद नामदेव , डा प्रकाश तिवारी, डॉ श्रद्धा सिंह,ओमप्रकाश द्विवेदी, शेषमणि शुक्ला, अशोक सोनी,नारी चेतना मंच की नेत्री प्रेमवती शर्मा, गीता महंत, इतवरिया चंदेल, प्रेम नाथ जायसवाल, दीपक द्विवेदी, विवेक पाण्डेय की उपस्थिति रही।

# घरेलू ईंधन गैस सिलेंडर जैसी आवश्यक आपूर्ति के दामों, बुकिंग समयावधि में वृध्दि और वज़न में 30% कटौती को तत्काल वापस ले सरकार:अजय खरे

**ईंधन गैस बुकिंग के आधार पर घर-घर सिलेंडर पहुंचाने की पूर्व व्यवस्था बहाल हो गैस गोदाम पर वितरित हो रहे सिलेंडर पर होम डिलीवरी दाम वसूलना सरासर गलत 940 रुपए का गैस सिलेंडर काला बाजार में 1500 तक मिलने की चर्चा**

**रीवा ।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री, मध्य प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ईमेल ज्ञापन भेजकर घरेलू ईंधन गैस सिलेंडर जैसी आवश्यक आपूर्ति के दामों और बुकिंग समयावधि में वृध्दि और वज़न में 30% कटौती की बात को वापस लिए जाने के साथ मध्यप्रदेश के रीवा जिले की ईंधन गैस वितरण व्यवस्था सही कर गैस सिलेंडर की घर-घर आपूर्ति कराने का आग्रह किया है। श्री खरे ने कहा कि ईंधन गैस कंपनियों ने मध्य पूर्व एशिया युद्ध की शुरुआत से ही 14.2 किलोग्राम वाले ईंधन गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपए की वृद्धि कर आम आदमी की अत्यंत महत्वपूर्ण जरूरत पर अनावश्यक बोझ लाद दिया है। इसके अलावा ईंधन गैस सिलेंडर बुकिंग की समयावधि भी 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दी गई। ग्रामीण क्षेत्र में इसे 45 दिन कर दिया गया । इधर पता चला कि सिलेंडर में दी जा रही ईंधन गैस के वजन को 14.2 किलो से घटाकर मात्र 10 किलो किया जा रहा है। खाना पकाने के गैस सिलेंडर की बुकिंग समयावधि में वृध्दि और फिर उसमें भरे जाने वाली गैस के वजन में लगभग 30% की कटौती सरासर ग़लत है। उन्होंने कहा कि खाना पकाने वाली गैस की आपूर्ति में किसी तरह की कटौती भोजन के अधिकार को छीनना है।श्री खरे ने कहा कि मध्य प्रदेश के संभागीय मुख्यालय रीवा शहर की ईंधन गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी बुरी तरह प्रभावित नजर आ रही है। आईएफ संबंध में मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को ईमेल ज्ञापन भेजकर ध्यान आकर्षित कराया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि घरेलू गैस सिलेंडर के लिए होम डिलीवरी की जगह उपभोक्ताओं को गोदाम जाकर लंबी कतार में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। लेकिन कोई गारंटी नहीं कि बुकिंग के पश्चात लंबी लाइन में खड़ा होने पर भी आपको भरा सिलेंडर मिल जाए। बहुत से लोगों के खाली हाथ लौटने की शिकायतें भी है। लाइन में यदि टोकन सिस्टम होता तो भीड़ भी छटती और अतिरिक्त लोगों का समय बर्बाद नहीं होता। यह बात व्यवस्था पर सवालिया निशान है। बुकिंग क्रमांक के अनुसार लोगों के घरों में गैस सिलेंडर की आपूर्ति क्यों नहीं की जा रही है। इस दौरान गैस के दामों में भी ₹60 की वृद्धि कर दी गई । वैसे भी गैस सिलेंडर लेने के लिए आने जाने का खर्च भी बढ़ गया। भरा गैस सिलेंडर मिलने में कितना समय लग जाए इसकी भी कोई सीमा नहीं है। परंपरागत ईंधन साधनों की जगह बड़े पैमाने पर ईंधन की विदेशी निर्भरता से आत्म निर्भर भारत के दावे खोखले नज़र आ रहे है। उम्र के अंतिम पड़ाव में वरिष्ठ नागरिक इस हालत में नहीं कि वे सिलेंडर लेकर लंबी लाइन का सामना कर सकें। ज्ञापन में इस बात पर ध्यान आकर्षित कराया गया कि लम्बी लाइन में लगने पर जिन लोगों को सिलेंडर मिला है,उनसे होम डिलीवरी का शुल्क भी वसूला जा रहा है। ईंधन गैस का संकट इस कदर है कि खाना पकाने के लिए लोग सिलेंडर की अधिक से अधिक कीमत भी चुकाने के लिए मजबूर हैं। ईमेल ज्ञापन में इस बात का भी जिक्र किया गया कि भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता जी ने एक अपील में कहा है कि घबराएं नहीं अफवाहों से बचें, घर पर ही मिलेगा रसोई गैस सिलेंडर। लेकिन अभी तक की जमीनी हकीकत कुछ और है। पेट्रोलियम मंत्रालय के द्वारा देश के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद होने का दावा करने के बाद भी अराजक हालात निर्मित होना व्यवस्था पर सवाल है। ऐसी स्थिति में सिलेंडरों की कालाबाजारी होने की बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। श्री खरे ने कहा की शहरी क्षेत्रों में पक्के घर होने की वजह से लकड़ी, बुरादा और कोयला से खाना पकाना मुश्किल है। किरायेदारों के लिए तो और भी मुश्किल है। उन्हें तो मकान मालिक के द्वारा धुएं के नाम पर घर खाली करने के लिए भी कहा जा सकता है। बिजली से खाना पकाना खतरे से खाली नहीं है। बिजली का बिल भी काफी आएगा। सरकार के ईंधन गैस के पर्याप्त भंडारण के दावे के बावजूद आखिरकार लोगों के घरों तक गैस सिलेंडर क्यों नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसे मौके पर एलपीजी की जगह पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने की बात उपभोक्ताओं की मजबूरी का फायदा उठाना जैसा होगा। मौजूदा समय में खाली सिलेंडर को भरवाना जन समस्या का समाधान है, ना कि पीएनजी कनेक्शन का लाभ गिनाना। खाना पकाने के ईंधन को लेकर लोगों की चिंताएं और आक्रोश स्वाभाविक हैं। लोगों के सुबह से लंबी लाइन में खड़ा होने के बाद भी जरूरतमंदों को समय पर सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हो पाना बहुत चिंताजनक और आपत्तिजनक बात है। ज्ञापन में मांग की गई कि सिलेंडर में ईंधन गैस के वजन में कटौती, दामों में वृद्धि और बुकिंग अवधि में वृध्दि को तत्काल प्रभाव से वापस लेते हुए वितरण समस्या का अविलम्ब निराकरण करने के निर्देश दिए जाएं और रीवा मध्यप्रदेश में पहले की तरह ईंधन गैस सिलेंडर का घर-घर वितरण किया जाए। श्री खरे ने कहा है कि 940 रुपए का गैस सिलेंडर 1500 रुपए तक कालाबाजार में मिलने की खबर है। गैस सिलेंडर नहीं मिल पाने से परेशान लोग ऐसा करने को मजबूर नज़र आ रहे हैं। ऐसे लोगों का कहना है कि महंगाई बढ़ जाती है तो क्या खाना खाना बंद कर देते हैं लोग ? सरकार को इस पर प्रभावी नियंत्रण करना चाहिए।

## त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था की कड़ी निगरानी करें

### मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिए निर्देश




**रीवा ।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था की कड़ी निगरानी करें। सभी एसपी जोनल प्लान तैयार करके 31 मार्च तक प्रस्तुत कर दें। नशीले पदार्थों के विरूद्ध अभियान चलाने के साथ-साथ जन जागरूकता अभियान चलाएं। एनकोर समिति की हर महीने बैठक करके कार्यवाही विवरण पोर्टल पर दर्ज कराएं। सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण कराएं। अविवादित नामांतरण तथा बटवारा के प्रकरण समय सीमा में निराकृत करें। सभी जिले निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजस्व का संग्रहण कराएं। सागर, इंदौर, भोपाल और जबलपुर जिले इस पर विशेष ध्यान दें। स्वामित्व योजना में शेष लंबित प्रकरणों का निराकरण एक माह में कराएं। इस योजना में मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे है। मुख्य सचिव ने कहा कि मनरेगा योजना से जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य प्राथमिकता से कराएं। इसे जल गंगा अभियान में शामिल करके पोर्टल पर प्रगति दर्ज करें। मनरेगा से दो लाख 51 हजार कार्य स्वीकृत हैं। इनमें जल संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता देने से जल गंगा संवर्धन अभियान अधिक प्रभावी बनेगा। एकल नलजल योजनाओं का निर्माण कार्य 31 मार्च तक पूरा कराकर इन्हें ग्राम पंचायतों को समारोहपूर्वक हैण्डओवर करें। साथ ही सभी घरों में नल कनेक्शन और पानी की आपूर्ति भी सुनिश्चित कराएं। एकल नलजल योजनाओं के स्त्रोत तथा हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाएं। बैठक में मुख्य सचिव ने अधिकारियों को प्राकृतिक खेती, खाद के ई टोकन से शत-प्रतिशत वितरण, पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पर निगरानी के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की प्रदेश में पर्याप्त उपलब्धता है।

इस संबंध में आमजनों को लगातार जानकारी दें। बैठक में अधिकारियों को गेंहू उपार्जन की तैयारी, स्वरोजगार योजनाओं की लक्ष्यपूर्ति, नरवाई प्रबंधन, अग्नि दुर्घटना से बचाव के उपाय, राहवीर योजना तथा प्रधानमंत्री दुर्घटना राहत योजना के संबंध में निर्देश दिए गए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय से कमिश्नर बीएस जामोद, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, उपायुक्त एलएल अहिरवार तथा कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवीन न्यायालय भवन में पेयजल संकट, अधिवक्ताओं ने महापौर एवं कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



**गर्मी शुरू होते ही बढ़ी परेशानी, महापौर व आयुक्त ने दिया अस्थायी व्यवस्था का आश्वासन**

**रीवा।** शहर के नवीन न्यायालय भवन में पेयजल की गंभीर समस्या सामने आने के बाद अधिवक्ताओं ने गुरुवार को महापौर एवं नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि न्यायालय परिसर में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध न होने के कारण उन्हें दैनिक कार्यों के दौरान भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं के अनुसार, न्यायालय भवन में नियमित पेयजल आपूर्ति बाधित होने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही समस्या और विकराल हो गई है, जिससे न केवल अधिवक्ता बल्कि न्यायालय में आने वाले वादकारी और आमजन भी प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने मांग की कि न्यायालय परिसर में शीघ्र ही स्थायी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि न्यायिक कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में महापौर एवं नगर निगम आयुक्त ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि जब तक स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक अस्थायी रूप से पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाएगी। साथ ही अधिवक्ताओं के लिए शुद्ध (प्यूरिफाइड) पेयजल उपलब्ध कराने की बात भी कही गई है। नगर निगम प्रशासन ने यह भी जानकारी दी कि प्रस्तुत बजट में शहर में पेयजल एटीएम स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत न्यायालय परिसर को भी एक प्रमुख केंद्र के रूप में शामिल करने की योजना है, जिससे भविष्य में इस प्रकार की समस्या से निजात मिल सकेगी। अधिवक्ताओं ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है, ताकि न्यायालय परिसर में पेयजल संकट का स्थायी समाधान हो सके।

## जनेह क्षेत्र में दो घरों में चोरी, नगदी व लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां ले उड़े चोर, सोते रह गए परिवार के सदस्य, सूती पंचायत के खटखरी खुर्द गांव में वारदात



**रीवा।** जिले के जनेह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सूती के खटखरी खुर्द गांव में अज्ञात चोरों ने बीती रात दो अलग-अलग घरों को निशाना बनाते हुए नकदी, चांदी-पीतल की मूर्तियां और घरेलू कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना के समय दोनों परिवार घर में ही सोते रह गए, जिससे चोरों ने आसानी से वारदात को अंजाम दिया। सुबह घटना का पता चलते ही गांव में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खटखरी खुर्द निवासी अमरबहादुर सिंह के घर में घुसे चोरों ने करीब 14 हजार रुपये नकद, पीतल की लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, चांदी के बिछुआ सहित अन्य कीमती सामान पार कर दिया। वहीं दूसरी घटना में गांव के ही कमलाकर सिंह के घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने करीब 20 हजार रुपये नकद, चांदी की लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां और घरेलू उपयोग के कीमती बर्तन चोरी कर लिए। बताया जा रहा है कि दोनों परिवार रात के समय घर में गहरी नींद में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने सुनसान का फायदा उठाकर पहले एक घर और फिर दूसरे घर में प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब परिजन जागे तो घर का सामान बिखरा देख घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही जनेह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए। आसपास के लोगों से पूछताछ भी की गई, लेकिन फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही अज्ञात आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## मऊगंज जिला चिकित्सालय को मिली बड़ी सौगात कलेक्टर ने चार डायलिसिस मशीनों का किया लोकार्पण

**मऊगंज।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिला चिकित्सालय में नवनिर्मित डायलिसिस यूनिट का विधिवत उद्घाटन किया। इस नई सुविधा के प्रारंभ होने से अब किडनी रोगों से ग्रसित स्थानीय मरीजों को डायलिसिस के लिए रीवा या अन्य बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। जिला चिकित्सालय में स्थापित की गई चार डायलिसिस मशीनों की कुल लागत लगभग 35 लाख रुपये है। विशेष बात यह है कि इस पुनीत कार्य में प्रशासनिक प्रयासों के साथ-साथ जनभागीदारी का भी उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला है। 04 मशीनों में से 02 मशीनें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और रेडक्रॉस सोसाइटी के वित्तीय सहयोग से प्राप्त हुई हैं। इस अवसर पर कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि मऊगंज को जिला बनाए जाने के बाद स्वास्थ्य अधोसंरचना का विस्तार हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने चिकित्सकीय स्टाफ को निर्देशित किया कि डायलिसिस यूनिट का संचालन नियमित एवं व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि मरीजों को किसी



प्रकार की असुविधा न हो। डायलिसिस सुविधा शुरू होने से गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होगा और उन्हें घर के समीप ही निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सकेगा।कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मशीनों के रखरखाव और मरीजों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि सुचारू रूप से सेवाएं संचालित होती रहें। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर पवन गौरैया, बीएमओ डॉ प्रद्युम्न शुक्ला, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ज्योत्सना अग्रवाल सहित चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सौंपा मांग पत्र

**मऊगंज।** मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार के मंत्री एंव मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल का प्रवास कार्यक्रम जिले में लंबे अर्से से नहीं होने से शासन की योजनाओं की समीक्षा व विकास कार्यों की कार्ययोजना लंबित होने से हो रहे जनभावना के अनादर को दृष्टिगत रखते हुये जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज के संयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक मांगपत्र जिला कलेक्टर संजय कुमार जैन को सौंपकर शीघ्र जिले में प्रभारी मंत्री का प्रवास कार्यक्रम सुनिश्चित किये जाने का आग्रह किया गया। उल्लेखनीय है कि, प्रभारी मंत्री का सार्वजनिक कार्यक्रम विगत 15 अगस्त 2025 को होने के उपरांत जिले में प्रभारी मंत्री की बैठक न होने से जिला विकास समिति के गठन के औचित्य पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है। मांगपत्र सौंपने वालों ने अपने मांगपत्र में यह भी आग्रह किया है कि, यदि प्रभारी मंत्री की अ भि रू चि मऊगंज जिले के प्रभार पर न हो तो प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने मंत्रिपरिषद् के अन्य सदस्य को प्रभार सौंपकर जिले के विकास योजनाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित करवायें। मांगपत्र सौंपने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी व प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएसन जिला इकाई मऊगंज के अध्यक्ष कर्दम ऋषि, महासचिव वाई.एन. द्विवेदी, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष कृष्णेन्द्र तिवारी, अधिवक्ता जनार्दन प्रसाद पाण्डेय, अधिवक्ता जे.पी. पाण्डेय, पूर्व शिक्षक विद्याधर



मिश्रा पैपखार, देवी प्रसाद पाण्डेय शामिल रहे। जिला कलेक्टर ने मांगपत्र सौंपने वालों को आश्वासन दिया कि, शीघ्र ही प्रभारी मंत्री की आवश्यक प्रशासनिक बैठक जिला मुख्यालय में आहुत की जायेगी। मांगपत्र की प्रतियां प्रदेश के मुख्यमंत्री, प्रदेश शासन के मुख्य सचिव व जिला कलेक्टर को भी पृथक रूप से प्रषित की गई।